८

# शिक्षापत्रीध्वान्त-निवारणम्

अर्थात्

स्वामिनारायणमतदोषदर्शनात्मकम्

लोकोपकाराय

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य-

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिनिर्मितम्

# ग्रन्थ परिचय

यह ग्रन्थ **सहजानन्द द्वारा प्रतिपादित स्वामी नारायण मत का खण्डन करने के लिए** लिखा गया है। इस ग्रन्थ का दूसरा नाम **'स्वामी नारायणमत खण्डन'** भी है।

इस मत के अनुयायी लोग सहजानन्द को नारायण का अवतार मानते थे। गोलोक और वैकुण्ठ में रहने वाले चतुर्भुज, द्विभुज और लक्ष्मीपति ईश्वर को वे नारायण मानते हैं। सहजानन्द द्वारा रचित **शिक्षापत्री के अंशों को लेकर ही** स्वामी जी ने असत्य और वेद के विरुद्ध बातों का खण्डन किया है। यह ग्रन्थ मूलतः **संस्कृत भाषा में है,** उसका **गुजराती अनुवाद** स्वामी जी ने करवाया। उसी गुजराती से **हिन्दी भाषा** में भी अनुवाद किया गया है।

ग्रन्थ की रचना का समाप्ति काल **संवत् १९३१, पौष मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी** (१३ जनवरी, सन् १८७५, रविवार) का दिन है। इसका गुजराती अनुवाद सहित प्रथम संस्करण **संवत् १९३३** के आरम्भ में **'ओरिण्टल प्रेस'** बम्बई से प्रकाशित हुआ था। इसका गुजराती अनुवाद महर्षि के प्रमुख शिष्य श्याम जी कृष्ण वर्मा ने किया था।

(सम्पादक)



॥ ओ३म् ॥

# सहजानन्दादिमतस्थान् प्रति प्रश्नाः खण्डनञ्च

प्रश्नः—कोऽयं सहजानन्दो नाम?

उत्तरम्—नारायणावतारः स्वामी नारायणाख्याचार्य इति ब्रूमः।

प्रश्नः—कश्च नारायणः?

उत्तरम्—वैकुण्ठगोलोकवासी चतुर्भुजो द्विभुजो लक्ष्मीपतिरीश्वर इत्युच्यते।

प्रश्नः—स इदानीमस्ति न वा?

उत्तरम्—वर्तत एव, तस्येश्वराख्यस्य नित्यत्वात्।

नैवं शक्यम्, **'स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरꣳशुद्धमपापविद्धम्[१]'** इत्यादिश्रुतिविरोधात्। ईश्वरस्यानन्तान्तर्यामिसर्वव्यापकस्य जन्ममरणदेहधारणादेरसम्भवात्। सावयवदेहधारिणः संयोगजन्यादिमतो नित्यत्वेश्वरत्वयोरसम्भवाच्च। यो जन्ममरणशरीरधारणादिव्यवहारवान् स ईश्वर एव न भवति, तर्हीदानीन्तनस्य सहजानन्दस्य तु का कथा?

तस्य सहजानन्दस्याचार्यत्वमेवासङ्गतम्। कुतः मृतस्याध्यापने सामर्थ्याभावात्—

**'स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्[२] ॥'**
**'उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः।**
**सरहस्यं सकल्पञ्च तमाचार्यं प्रचक्षते[३] ॥'**

इति ब्राह्मणमनुसाक्ष्यस्य वर्तमानाभिप्रायस्य विद्यमानत्वात्।

तद्रचितस्य शिक्षाग्रन्थस्य दर्शनेन सहजानन्दे शिष्टशिक्षाविद्याविरहत्व-

---

१. यजु० अ० ४०। मं० ८॥
२. मुण्डकोप० मुण्डक १। खण्ड २। कण्डिका १२॥
३. मनु० अ० २। श्लोक १४०॥ सं०

पाखण्डाचारा विज्ञायन्ते। तस्याः शिक्षापत्र्याः सहजानन्दरचिताया आदिमोऽयं श्लोकः—

**वामे यस्य स्थिता राधा श्रीश्च यस्यास्ति वक्षसि।**
**वृन्दावनविहारन्तं श्रीकृष्णं हृदि चिन्तये॥ १॥**

राधा वामे दक्षिणे पश्चिमे पुरतोऽध उपरि वा क्व स्थितेति प्रत्यक्षानुमानाप्तशब्दैःकस्यापि निश्चयो नास्ति, अत एव सहजानन्दस्य मिथ्यैव कल्पनास्तीति वेद्यम्। वक्षस्येव श्रीर्वर्त्तत इत्युच्यते चेत्तर्हि मुखाद्यङ्गेषु दरिद्रतास्तीति स्वीक्रियताम्। कृष्णस्तु द्वारिकासन्निधौ मरणं प्राप्तवानित्युक्तं महाभारते। इदानीं कृष्णस्य जीवो न जाने क्वास्ति। वृन्दावने विहरन् कृष्णः केनापि न दृश्यते। किन्तु बहवः पाखण्डिनः पाषाणादिमूर्त्तयश्च तत्र दृश्यन्ते, नैव कृष्णः। पुनः परमेश्वरं निराकारं जन्ममरणादिदोषरहितं विहाय 'कृष्णं हृदि चिन्तय' इत्युक्तिर्व्यर्थैवेति॥ १॥

**मुकुन्दानन्दमुख्याश्च नैष्ठिका ब्रह्मचारिणः।**
**गृहस्थाश्च मयारामभट्टाद्या ये मदाश्रयाः॥ ४॥**

मुकुन्दानन्दादीनां वेदेश्वरयोर्निष्ठाध्ययनाभावान्नैष्ठिकब्रह्मचारित्वमेवासङ्गतम्॥ ४॥

एवमेवाग्रस्थाः श्लोकाः प्रायशोऽशुद्धाः सन्त्यत उपेक्ष्यन्ते।

**दृष्ट्वा शिवालयादीनि देवागाराणि वर्त्मनि।**
**प्रणम्य तानि तद्देवदर्शनं कार्यमादरात्॥ १३॥**

पाषाणादिमूर्त्त्यागाराणां देवालयसंज्ञावचनात् 'तद्देवदर्शनं कार्यमादरादिति' प्रलापात् सहजानन्दे पदार्थविद्याया अभाव एव दृश्यते॥ १३॥

**स्ववर्णाश्रमधर्मो यः स हातव्यो न केनचित्।**
**परधर्मो न चाचर्यो न च पाखण्डकल्पितः॥ १४॥**

वेदोक्तः स्ववर्णाश्रमधर्मः सहजानन्देन किमर्थं त्यक्तः? कुतः, वेदविरुद्धानां स्वकपोलकल्पितानां पाषाणादिमूर्त्तिपूजनकण्ठीतिलकधारणादिपाखण्डानां प्रचारकरणात् सहजानन्दे वदतो व्याघातदोषस्समागतो वेदितव्यः॥ १४॥

**कृष्णभक्तेः स्वधर्माद् वा पतनं यस्य वाक्यतः।**
**स्यात्तन्मुखान्न वै श्रव्याः कथा वार्त्ताश्च वा प्रभोः॥ १५॥**

कृष्णभक्तिरेव स्वधर्मोऽस्तीति कथनं व्यर्थमेव। कुतः, वेदे वर्णाश्रमधर्मप्रतिपादनप्रकरणे कृष्णभक्तिः स्वधर्म इति प्रतिपादनस्याभावात्। अतः किं समागतम्? सहजानन्दस्य तत्सम्प्रदायस्थानाञ्च मुखात् कदाचित् केनचिदपि कथा नैव श्रोतव्येति सिद्धान्तः। स कृष्णः प्रभुरेव न, तस्य जन्ममरणादिस्वभाववत्त्वात्॥ १५॥



**ज्ञानवार्त्ताश्रुतिर्नार्या मुखात् कार्य्या न पूरुषैः।**
**न विवादः स्त्रिया कार्यो न राज्ञा न च तज्जनैः॥ ३४॥**

गार्ग्यादिस्त्रीमुखाद् याज्ञवल्क्यादिमहर्षिभिः कथायाः श्रुतत्वात्[1] सहजानन्दकल्पना त्वग्राह्या॥ ३४॥

**कृष्णदीक्षा गुरोः प्राप्ते तुलसीमालिका गले।**
**धार्यो नित्यञ्चोर्ध्वपुण्ड्रो ललाटादौ द्विजातिभिः॥ ४१॥**

कृष्णदीक्षातुलसीमालाधारणोर्ध्वपुण्ड्रधारणमित्युक्तिः सहजानन्दस्य व्यर्थेव। कुतः, वेदयुक्तिभ्यां विरोधात्। स्वल्पकण्ठीतिलकधारणे पुण्यं भवति चेत्तर्हि कण्ठीभारधारणे सर्वमुखशरीरलेपने च महत्पुण्यं भविष्यतीत्येवं क्रियताम्॥ ४१॥

इत्यादिश्लोकाः सहजानन्दस्य मिथ्या एव वेदितव्याः।

**त्रिपुण्ड्ररुद्राक्षधृतिर्येषां स्यात् स्वकुलागता।**
**तैस्तु विप्रादिभिः क्वापि न त्याज्या सा मदाश्रितैः॥ ४६॥**
**ऐकात्म्यमेव विज्ञेयं नारायणमहेशयोः।**
**उभयोर्ब्रह्मरूपेण वेदेषु प्रतिपादनात्॥ ४७॥**

एवञ्चेत् सहजानन्दस्य कुलस्थैः कदाचिद् त्रिपुण्ड्ररुद्राक्षधारणं कृतमेवासीत्, पुनस्तेन किमर्थं त्यक्तं त्याजितञ्च? मदाश्रितैरिति बहुशो लिखति, तद्व्यर्थमेव। कुतः तस्याविदुषो जन्ममरणादिदोषवतो जीवस्याश्रयो निष्फलोऽतः॥ ४६॥

नारायणमहेशयोरैक्यमसङ्गतं तयोर्ब्रह्मरूपेण वेदे प्रतिपादनाभावात्। अतः सहजानन्दस्य कथनं व्यर्थमेव॥ ४७॥

**प्रणम्य राधाकृष्णस्य लेख्यार्चां तत आदरात्।**
**शक्त्या जपित्वा तन्मन्त्रं कर्त्तव्यं व्यावहारिकम्॥ ५४॥**

राधाकृष्णौ सहजानन्देनान्यैश्च प्रत्यक्षतया नैव दृष्टौ, पुनश्च तयोर्लेख्यां

१ शत० कां० १४। अ० ६। ब्रा० ६। कं० १; १४।६।८।१-१३॥

मूर्तिं कर्तुं सामर्थ्यन्नैव भवेत्। अतस्तत्पूजाकर्त्तव्योक्तिः सहजानन्दस्यान्यथैव वेद्या॥ ५४॥

**शैली वा धातुजा मूर्तिः शालिग्रामोऽर्च्य एव तैः॥**
**द्रव्यैर्यथाप्तैः कृष्णस्य जप्याऽथाष्टाक्षरो मनुः॥ ५६॥**

अस्माच्छ्लोकाद् विज्ञायते सहजानन्दस्यापि जडबुद्धिरासीदिति। कुतः, वेदयुक्तिविरुद्धस्य पाषाणादिमूर्त्तिपूजनस्य विधानात्। कृष्णमन्त्रजपेन वेदोक्तविरुद्धेन नास्तिकत्वसिद्धेश्च॥ ५६॥

**हरेर्विधाय नैवेद्यं भोज्यं प्रासादिकं ततः।**
**कृष्णसेवापरैः प्रीत्या भवितव्यं च तैः सदा॥ ५८॥**

हरेरप्रत्यक्षत्वात् पाषाणादिजडमूर्त्तेर्भोजनकरणाभावात्, तन्नैवेद्यकरणं व्यर्थमेव। इदन्तु खलु छलमेवास्ति। कुतः, अङ्गुष्ठदर्शनेन घण्टानादं कृत्वा स्वभोजनाभिप्रायस्य विद्यमानत्वात्॥ ५८॥

**आचार्येणैव दत्तं यद् यच्च तेन प्रतिष्ठितम्।**
**कृष्णस्वरूपं तत्सेव्यं वन्द्यमेवेतरत् तु यत्॥ ६२॥**
**भगवन्मन्दिरं सर्वैः सायं गन्तव्यमन्वहम्।**
**नामसंकीर्त्तनं कार्यं तत्रोच्चै राधिकापतेः॥ ६३॥**

पाषाणादिमूर्त्तिस्वरूपं यो ददाति तत्प्रतिष्ठापयति च तत् कृष्णरूपमेव न, किन्तु तत् पाषाणादिस्वरूपमेव। तच्च कदाचित् केनचिदपि न सेव्यं न चैव वन्द्यम्। किन्तु यस्सर्वशक्तिमानजो न्यायकारी दयालुस्सर्वान्तर्यामी सर्वव्यापी निराकारो भगवान् परमात्मा, स एव सर्वैस्सेव्यो वन्द्यश्चातोऽन्यो नैव वन्द्यस्सेव्यश्चेति निश्चयः॥ ६२॥

अत एवाभगवत्पाषाणादिमूर्त्तिमन्दिरं भगवन्मन्दिरं मन्यमानस्य, तच्च सायं सर्वैरन्वहं गन्तव्यमनीश्वरस्य मरणजन्मवतो राधिकापतेर्मृतस्य कृष्णस्योच्चैर्नामसंकीर्तनं कार्यमिति मिथ्योपदेशं प्रबुक्कतस्सहजानन्दस्य वेदविद्या किञ्चन्मात्रापि तस्य नासीद्। असदुपदेशाच्च सद्गतिरपि तस्य नाभूदित्यनुमीयते। अस्य मिथ्योपदेशस्य ये स्वीकारञ्चक्रुः, कुर्वन्ति, करिष्यन्ति च, तेषामपि सद्गतिर्न भूता, न भवति, न भविष्यति च। किन्तु वेदसद्विद्यां तत्रोपदिष्टं न्यायं पक्षपातरहितं वैरबुद्धित्यागादिलक्षणं धर्मञ्च यथावद् ये स्वीकरिष्यन्ति, सर्वशक्तिमन्न्यायकारिदयालुत्वादिलक्षणस्य निराकारपरमेश्वरस्य स्तुतिप्रार्थनोपासनाश्च यथावद् ये च [अकुर्वन् कुर्वन्ति] करिष्यन्ति



[च] तेषामेव सद्गतिरभूद् भवति भविष्यति चेति सर्वैर्वेदितव्यम्॥ ६३॥

एवमेव अग्रस्थाः श्लोकाः प्रायोऽशुद्धास्सन्तीत्यत उपेक्ष्यन्ते।

**एकादशीनां सर्वासां कर्त्तव्यं व्रतमादरात्।**
**कृष्णजन्मदिनानाञ्च शिवरात्रेश्च सोत्सवम्॥ ७९॥**

एकादश्यादीनि व्रतादीनि वेदे क्वापि न विहितानि। किन्तु ब्रह्मचर्यसत्यभाषणादीन्येव व्रतानि कर्तुं विहितानि। अत एवैकादश्यादीनां व्रतानामाचरणं व्यर्थमेवेति परामर्शः॥ ७९॥

**सर्ववैष्णवराजश्रीवल्लभाचार्यनन्दनः।**
**श्रीविट्ठलेशः कृतवान् यं व्रतोत्सवनिर्णयम्॥ ८१॥**
**कार्यास्तमनुसृत्यैव सर्व एव व्रतोत्सवाः।**
**सेवारीतिश्च कृष्णस्य ग्राह्या तदुदितैव हि॥ ८२॥**
**कर्त्तव्या द्वारिकामुख्यतीर्थयात्रा यथाविधि।**
**सर्वैरपि यथाशक्ति भाव्यं दीनेषु वत्सलैः॥ ८३॥**
**विष्णुः शिवो गणपतिः पार्वती च दिवाकरः।**
**एताः पूज्यतया मान्या देवताः पञ्च मामकैः॥ ८४॥**
**भूताद्युपद्रवे क्वापि वर्म नारायणात्मकम्।**
**जप्यञ्च हनुमन्मन्त्रो जप्यो न क्षुद्रदैवतः॥ ८५॥**

सर्ववैष्णवराजश्रीवल्लभाचार्यनन्दनो विट्ठलेशः परधनहरणं धर्मनाशनं व्रतं परस्त्रीगमनादिव्यभिचारोत्सवमपि च कृतवाँस्तत् कार्यत्वेनातिदिशतः सहजानन्दस्यापि दोषापत्तिरेव मन्तव्येति॥ ८१-८२॥

द्वारिकायास्तीर्थयात्रामुपदिशतः सहजानन्दस्य भ्रान्त्यापत्तिरेव विज्ञायते। कुतः, जडे पाषाणजलादौ तीर्थोपदेशाभावात्। तद्यात्राकरणोपदेशो दुःखफलक एवास्ति। किञ्च—अहिंसन् सर्वभूतान्यन्यत्र तीर्थेभ्यः[१] इति छान्दोग्योपनिषदि, 'सतीर्थ्यस्सब्रह्मचारि च' इत्यादिप्रमाणार्थव्यवहारस्य विद्यमानत्वाद् वेदेश्वरविज्ञानानामेव तीर्थसंज्ञा मन्तव्येत्युपदेशः। यैरविद्याजन्ममरणहर्षशोकादिदुःखानि तरन्ति तानि तीर्थानीति निरुक्तेश्च॥ ८३॥

शिवविष्णुगणपतिपार्वत्यादीनां देहधारिणां मृतानां वेदेषु पूजानभिधानाद्, रवेर्जडत्वाच्च पूजा निष्फला। परमेश्वर एक एव पूज्यस्तत्र पञ्चत्वाभावाद्

१. छान्दोग्योपनिषद् उ० प्रपाठक ८। कंडिका १॥

'एताः पूज्यतया मान्याः' इति सहजानन्दस्योपदेशोऽसङ्गत एवास्तीति बोध्यम्॥ ८४॥

भूताद्युपद्रवनिवारणार्थं नारायणकवचपाठं हनुमन्मन्त्रजपञ्चोपदिशति सहजानन्दे भ्रान्तिरेव सिध्यति। अतस्तदुपदेशप्रमाणं व्यर्थमेव॥ ८५॥

**वेदाश्च व्याससूत्राणि श्रीमद्भागवताभिधम्।**
**पुराणं भारते तु श्रीविष्णोर्नामसहस्रकम्॥ ९३॥**
**तथा श्रीभगवद्गीता नीतिश्च विदुरोदिता।**
**श्रीवासुदेवमाहात्म्यं स्कन्दवैष्णवखण्डगम्॥ ९४॥**
**धर्मशास्त्रान्तर्गता च याज्ञवल्क्यऋषेः स्मृतिः।**
**एतान्यष्टौ ममेष्टानि सच्छास्त्राणि भवन्ति हि॥ ९५॥**
**स्वहितेच्छुभिरेतानि मच्छिष्यैः सकलैरपि।**
**श्रोतव्यान्यथ पाठ्यानि कथनीयानि च द्विजैः॥ ९६॥**
**तत्राचारव्यवहृतिनिष्कृतानाञ्च निर्णये।**
**ग्राह्या मिताक्षरोपेता याज्ञवल्क्यस्य तु स्मृतिः॥ ९७॥**
**श्रीमद्भागवतस्यैव तु स्कन्धौ दशमपञ्चमौ।**
**सर्वाधिकतया ज्ञेयौ कृष्णमाहात्म्यबुद्धये॥ ९८॥**
**दशमः पंचमः स्कन्धौ याज्ञवल्क्यस्य च स्मृतिः॥**
**भक्तिशास्त्रं योगशास्त्रं धर्मशास्त्रं क्रमेण मे॥ ९९॥**
**शारीरकाणां भगवद्गीतायाश्चावगम्यताम्।**
**रामानुजाचार्यकृतं भाष्यमाध्यात्मिकं मम॥ १००॥**
**एतेषु यानि वाक्यानि श्रीकृष्णस्य वृषस्य च।**
**अत्युत्कर्षपराणि स्युस्तथा भक्तिविरागयोः॥ १०१॥**
**मन्तव्यानि प्रधानानि तान्येवेतरवाक्यतः।**
**धर्मेण सहिता कृष्णभक्तिः कार्येति तद्रहः॥ १०२॥**

वेदाश्चेत्यादयः श्लोका प्रायोऽशुद्धाः सन्ति। श्रीमद्भागवतादिपुराणानां भारते विष्णोः सहस्रनाम्नां भगवद्गीतायाश्च स्वीकारादन्येषां तत्रस्थानां श्रेष्ठानामपि त्यागाद्, वासुदेवमाहात्म्यस्यैव ग्रहणादन्यस्याग्रहणात्, मिताक्षराटीकान्विताया याज्ञवल्क्यस्मृतेरेव ग्रहणात्, पूर्वमीमांसादिशास्त्राणां मनुस्मृतेश्चाग्रहणादविद्वत्तैव दृश्यते सहजानन्दे। सर्वेभ्यश्चैव स्कन्धेभ्योऽती-



वाशुद्धस्य मिथ्याभूताधर्मकथाप्रतिपादकस्य दशमस्कन्धस्य सर्वाधिकतया स्वीकाराद् विषयासक्तो वेदनिन्दकोऽपि सहजानन्दोऽस्तीति विज्ञायते॥ ९३-९८॥

दशमस्कन्धे भक्तिशास्त्रस्य लेशोऽपि नास्ति। किन्तु, व्यभिचाराद्यधर्मप्रतिपादनं तत्रास्त्येव प्रसिद्धम्। पञ्चमस्कन्धे योगशास्त्रप्रतिपादनं नास्ति। किन्तु, योगाभासप्रतिपादनं तु तत्रास्त्येव। श्रौतसूत्रमीमांसादेर्धर्मशास्त्रस्य तिरस्कारात् पिष्टपेषणवद् दूषिताया याज्ञवल्क्यस्मृतेः स्वीकारात् सहजानन्दस्य वेदोक्तानां कर्मोपासनाज्ञानकाण्डानां बोध एव नास्तीति विज्ञायते॥ ९९॥

रामानुजकृतस्य शारीरकसूत्रभाष्यस्यात्यशुद्धस्य स्वीकारादविवेकस्सहजानन्देऽस्त्येवेति विज्ञायते॥ १००॥

श्रीकृष्णेन वेदस्यैव खल्वत्युत्कर्षो मतः, न च स्ववाक्यानाम्। अत एव सहजानन्देन 'अत्युत्कर्षपराणि तद्वाक्यानि स्युः' इत्युक्तत्वाद् भ्रान्त एव स मन्तव्यः॥ १०१॥

वेदवाक्यान्येव सर्वोत्कृष्टानि सन्तीति ब्रह्मादीनामिदानीन्तनान्तानां तु विदुषां सिद्धान्ते विद्यमाने, वेदेभ्योऽपि कृष्णवाक्यान्येव प्रधानान्येवं प्रबुक्कन् सहजानन्दो लज्जामपि न प्राप्तवानिति॥ १०२॥

**हृदये जीववज्जीवे योऽन्तर्यामितया स्थितः।**
**ज्ञेयः स्वतन्त्र ईशोऽसौ सर्वकर्मफलप्रदः॥ १०७॥**
**स श्रीकृष्णः परब्रह्म भगवान् पुरुषोत्तमः।**
**उपास्य इष्टदेवो नः सर्वाविर्भावकारणम्॥ १०८॥**
**स राधया युतो ज्ञेयो राधाकृष्ण इति प्रभुः।**
**रुक्मिण्या रमयोपेतो लक्ष्मीनारायणः स हि॥ १०९॥**
**ज्ञेयोऽर्जुनेन युक्तोऽसौ नरनारायणाभिधः।**
**बलभद्रादियोगेन तत्तन्नामोच्यते स च॥ ११०॥**

जीववन्न कदाचिदीशो भवति, सर्वज्ञसर्वशक्त्यनन्तनिर्विकारत्वादिस्वभावत्वात्॥ १०७॥

जन्ममरणहर्षशोकाल्पशक्त्यादिवत्वात् कृष्णः परब्रह्म भगवान् पुरुषोत्तमः कदाचिन्नैव सम्भवति। पुनः सर्वशक्तिमन्तं न्यायकारिणं दयालुं सर्वान्तर्यामिणं सच्चिदानन्दादिस्वरूपं निर्दोषं निराकारमजं विभुं वेदयुक्तिसिद्धं परमात्मानं विहाय, जन्ममरणादिव्यवहारवन्तं जीवं कृष्णमुपास्येष्टदेवत्वेन यः सहजानन्दः

कथयति, स वेदपदार्थविद्याविहीन एव विज्ञेयः॥ १०८॥

राधा त्वनयाख्यगोपस्य स्त्र्यासीन्न कृष्णस्य। कृष्णस्य रुक्मिण्येव स्त्री। पुनस्तस्य लक्ष्मीनाराणसंज्ञैवायोग्येति वेदितव्यम्॥ १०९॥

'तत्तन्नामोच्यते स च' इति सहजानन्दस्योक्तिरन्यथैव। कुतः सर्वज्ञज्ञानमन्तरा सहजानन्दस्येदं कथनमयुक्तं जातमिति बोध्यम्॥ ११०॥

**तस्यैव सर्वथा भक्तिः कर्त्तव्या मनुजैर्भुवि।**
**निःश्रेयसकरं किञ्चित्ततोऽयन्नेति दृश्यताम्॥ ११३॥**

कृष्णस्यापि कल्याणं जातन्न वेति विदुषां सन्देहः। स च परमेश्वरस्यैव भक्तिं कृतवानुपदिष्टवांश्च। पुनस्तस्यैव सर्वैर्मनुष्यैर्भक्तिः कार्या ततोऽन्यत्कल्याणकरं किञ्चिन्नास्त्येवेति वदन् सहजानन्दो विद्याहीन एवासीत्॥ ११३॥

**गुणिनां गुणवत्ताया ज्ञेयं ह्येतत् परं फलम्।**
**कृष्णे भक्तिश्च तत्संगोऽन्यथा यान्ति विदोऽप्यधः॥ ११४॥**

'गुणिनां गुणवत्ताया' इत्येवं छन्दोविरुद्धा अशुद्धाः श्लोकास्सन्तिः बहवः शिक्षापत्र्याम्। अतो विज्ञायते सहजानन्दस्य छन्दोज्ञानमपि यथावन्नासीदिति। कृष्णे मृते भक्तिरेवाशक्या निष्फला वेदविरुद्धा चास्ति। विद्वांसस्तु सदैव सद्गतिं प्राप्नुवन्ति, विद्यायाः प्रकाशस्वरूपत्वात्। किञ्च अविद्वांस एव सहजानन्दसदृशा असद्गतिं गता इति विज्ञायते। कुतः, अविद्याया अधर्माचरणान्धकारवत्त्वात्॥ ११४॥

**निजात्मानं ब्रह्मरूपं देहत्रयविलक्षणम्।**
**विभाव्य तेन कर्त्तव्या भक्तिः कृष्णस्य सर्वदा॥ ११५॥**

निजात्मा जीवो ब्रह्मरूपश्चेद्, ब्रह्मणा तुल्यत्वं तस्मिन् कुतो न दृश्यते? तुल्यत्वं चेत्तर्हि ब्रह्मणा सकलञ्जगद्रचितं, जीवेन नवीनं जगत् किञ्चिन्मात्रमपि कुतो न रच्यते? जीवब्रह्मणोरैक्यं चेत्तर्हि ब्रह्मैवाविद्याजन्ममरणहर्षशोकशीतोष्णसुखदुःखज्वरपीडाबन्धादिदोषयुक्तं जातमेवेति स्वीक्रियताम्। जीवाद् ब्रह्म भिन्नञ्चेत् प्रतिज्ञाहानिः। कृष्णोऽपि ब्रह्मभक्तः, एवं सर्वैर्जीवैरपि ब्रह्मभक्तैरेव भवितव्यम्। नैवान्यस्य कस्यचित् कृष्णादेर्जीवस्य चेति। एवं कृष्णस्य भक्तिः सर्वदा कार्येति सहजानन्दे महती दोषापत्तिरिति विज्ञातव्यम्॥ ११५॥

**मतं विशिष्टाद्वैतं मे गोलोको धाम चेप्सितम्।**
**तत्र ब्रह्मात्मना कृष्णसेवा मुक्तिश्च गम्यताम्॥ १२१॥**

चक्राङ्कितवत् सहजानन्दस्य मतमस्तीति विज्ञातव्यम्। विशिष्टाद्वैतशब्दस्यैवमर्थः क्रियते—अविद्याविशिष्टो जीवो मायया विशिष्ट ईश्वरः। विशिष्टो नाम मिलितः। केचिदेकां मायामीश्वरस्यैव स्वीकुर्वन्ति। एवं चतुर्णां त्रयाणां वा पदार्थानां वर्तमानत्वादद्वैतमेव दुर्लभम्। द्वितीयेन विना विशिष्ट एव न भवति। विशिष्टश्च विशिष्टश्च विशिष्टौ मायाऽविद्याभ्यां युक्तौ जीवेशौ तयोरद्वैतं विशिष्टाद्वैतम्। द्वयोरद्वैतं कदाचिन्न सम्भवति। किन्तु खल्वद्वैतं केवलमेकं ब्रह्मैवास्ति। तद्यथा सजातीयं विजातीयं च द्वितीयं ब्रह्मैव नास्ति, एवं स्वगतभेदोऽपि ब्रह्मणि नास्त्येव, संयोगवियोगाभावात्। अत एव एकमेकरसमद्वितीयं ब्रह्मैवास्तीति वेदयुक्तिसम्मतो ह्यद्वैतशब्दार्थो वेदितव्यः। एवं सति रामानुजसहजानन्दयोर्मतमशुद्धमेव वेदितव्यम्। गवां पशूनां लोको धाम मम चेति स्वीकारात् सहजानन्दे पशुप्रियत्वमेव समागच्छति, स्वजातिपरत्वप्रवाहस्य विद्यमानत्वात्। गोलोक एव निवासत्वात् कृष्णसेवानिबन्धनत्वाच्च सैव मुक्तिरिति सहजानन्दादिप्रलापो मिथ्यैवेति विज्ञायताम्॥ १२१॥



**मया प्रतिष्ठापितानां मन्दिरेषु महत्सु च।**
**लक्ष्मीनारायणादीनां सेवा कार्या यथाविधि॥ १३०॥**

सहजानन्देनान्यैर्वा प्रतिष्ठापिता विद्याधर्मविरुद्धेषु मिथ्याधनगतव्ययेषु महत्सु मन्दिरेषु पाषाणादिमूर्त्तयो लक्ष्मीनारायणादयः कदाचिन्नैव भवन्ति। वेदानभिहितानां पाषाणादिमूर्त्तीनां जडत्वाल्लक्ष्मीनारायणादीनां तदानीञ्चेतनत्वात् पाषाणादिमूर्त्तीनां यथाविधि खण्डनमेव कर्त्तव्यं, नैव च पूजनमिति॥ १३०॥

**अथैतयोस्तु भार्याभ्यामाज्ञया पत्युरात्मनः।**
**कृष्णमन्त्रोपदेशश्च कर्त्तव्यः स्त्रीभ्य एव हि॥ १३३॥**

सहजानन्देन विदितमुपदेशमन्तरा स्त्रीभ्योऽपि धनलाभ एव न भविष्यत्यत एवं कपटं प्रसारितम्। तदपि परमात्ममन्त्रोपदेशं विहाय मृतस्य कृष्णस्य मन्त्रोपदेशं चोक्तवान्। अतः सहजानन्दो धनलोभ्यज्ञानी चेति विज्ञायते॥ १३३॥

**निजवृत्त्युद्यमप्राप्तधनधान्यादितश्च तैः॥**
**अर्प्यो दशांशः कृष्णाय विंशांशस्त्विह दुर्बलैः॥ १४७॥**

परधनहरणार्थं निजसुखार्थञ्च सहजानन्दस्य प्रसिद्धं कापट्यमेव दृश्यते। विना परिश्रमेण दशांशं विंशांशं धनं गृहीत्वा पुष्कलं संसारस्थं विषयभोगं

वयं कुर्म इत्यभिप्रायस्तस्यास्तीति निश्चयः। पुनरन्यथा वदति कृष्णाय समर्प्यमिति। कृष्णस्तु मृतः, स दशांशं विंशाशं धनं ग्रहीतुं नैवागच्छति कदाचिन्नैतादृशं तस्य दारिद्र्यमासीत्। तस्मात् सहजानन्दस्य महती धूर्त्तता वेदितव्या, तथा गोकुलस्थानां वल्लभप्रभृतीनाञ्च। ईदृशानां धूर्त्तानां सम्प्रदायप्रभृत्यार्यावर्त्तदेशस्य महती हानिर्जाता। अतः सर्वैः सज्जनैरिदानीं दृढप्रयत्नेन सद्य इमे सर्वे सम्प्रदाया निवर्तनीया। अन्यथा स्वदेशस्य भद्रन्नैव भविष्यतीति निश्चेतव्यम्॥ १४७॥

**एकादशीमुखानाञ्च व्रतानां निजशक्तितः।**
**उद्यापनं यथाशास्त्रं कर्त्तव्यं चिंतितार्थदम्॥ १४८॥**
**कर्त्तव्यं कारणीयं वा श्रावणे मासि सर्वदा।**
**बिल्वपत्रादिभिः प्रीत्या श्रीमहादेवपूजनम्॥ १४९॥**

इयमपि सहजानन्दस्य धूर्त्ततास्ति। यद्येकादश्यादिव्रतानि न करिष्यन्ति तर्ह्युद्यापनेन विना धनलाभोऽपि शिष्येभ्यो नैव भविष्यति। पुनश्च श्रावणे मासि महादेवपूजनमर्थात् पाषाणादिमूर्त्तिपूजनेन विनापि धनप्रतिष्ठे शिष्येभ्यो नैव लप्स्यामह एतदर्थं सहजानन्दस्य कापट्यं वेदितव्यम्॥ १४८-१४९॥

**देवताप्रतिमां हित्वा लेख्या काष्ठादिजापि वा।**
**न योषित्प्रतिमा स्पृश्या न वीक्ष्या बुद्धिपूर्वकम्॥ १७७॥**

स्वमन्दिरेषु सहजानन्देन राधाया मूर्त्तिः किमर्था स्थापिता? सा स्त्री नासीत् किम्? पुनश्च 'वामे यस्य स्थिता राधा, श्रीश्च यस्यास्ति वक्षसि' इति स्त्रीकथा सहजानन्देन किमर्था कथितोपदिष्टा च? ताश्च साध्वादिभिस्तच्छिष्यैबुद्धिपूर्वकं किमर्था वीक्ष्यन्ते? तासां राधादीनां च कथा किमर्था क्रियते? अत एव प्रमत्तगीतवत् प्रलापात् सहजानन्दादिषु वदतो व्याघातदोषो बहुश आगच्छतीति वेद्यम्॥ १७७॥

**सर्वेन्द्रियाणि जेयानि रसना तु विशेषतः।**
**न द्रव्यसंग्रहः कार्यः कारणीयो न केनचित्॥ १८८॥**
**न्यासो रक्ष्यो न कस्यापि धैर्यं त्याज्यं न कर्हिचित्।**
**न प्रवेशयितव्या च स्ववासे स्त्री कदाचन॥ १९०॥**

साधुभिरेवेन्द्रियजयादिकं कर्तव्यमित्युपदिश्यते भवता। तर्हि भवानसाधुरस्ति किम्? गृहस्थेन जितेन्द्रियत्वादिकं नैव कर्त्तव्यं किम्?॥ १८८॥

कस्यचिन्न्यासस्थानं नैव रक्षणीयञ्चेद्, विद्याधर्मेश्वरप्रार्थनास्तुत्युपासना



नैव स्थाप्याः किम्? वेदयुक्तिधर्मविरुद्धस्य स्वसम्प्रदायस्थापनं किमर्थं क्रियते, सहजानन्देन च किमर्थं कृतम्? किन्त्वीदृशस्य पाखण्डस्य खण्डनमेव सर्वैः कर्त्तव्यं, सद्धर्ममण्डनञ्चेति॥ १९०॥

**इति संक्षेपतो धर्माः सर्वेषां लिखिता मया।**
**साम्प्रदायिकग्रन्थेभ्यो ज्ञेय एषां तु विस्तरः॥ २०३॥**
**सच्छास्त्राणां समुद्धृत्य सर्वेषां सारमात्मना।**
**पत्रीयं लिखिता नृणामभीष्टफलदायिनी॥ २०४॥**

'इति संक्षेपत' इति धर्मस्य तु लेशमात्रमपि प्रतिपादनं नैवात्र कृतम्। किन्तु स्वकपोलकल्पनेन स्वभ्रान्तिः प्रकाशिता दृश्यते। वेदादिषु धर्मो यथावल्लिखितोऽस्तीति तज्ज्ञानमेव सहजानन्दस्य नास्ति। लिखितस्य धर्मस्य पुनर्लेखनं व्यर्थमेव पिष्टपेषणवद्दोषात्। सर्वेषां मनुष्याणां सनातनः साम्प्रदायिको ग्रन्थो वेद एवास्ति। पुनः शिक्षापत्र्यादिग्रन्थरचनं व्यर्थमेव विज्ञेयम्। विस्तर इत्यशुद्धं किन्त्वत्र विस्तार इति भवितव्यम्। '**प्रथने वावशब्दे**' इति व्याकरणनियमात् [अष्टाध्यायी ३.३.३३]। कथनश्रवणोपाधावेव विस्तरेति भवितव्यं नान्यत्रेति निश्चयः॥ २०३॥

सहजानन्दस्य सच्छास्त्राणां बोधोऽध्ययनञ्चापि नासीदिति विज्ञायते। वेदविरुद्धपाषाणादिमूर्त्तिपूजनङ्कण्ठीतिलकधारणञ्चेत्यादिमिथ्याप्रतिपादनादसारभूतेयम्पत्री लिखितेति विज्ञायते। 'अभीष्टफलदायिनी'ति प्रलोभनमात्रम्। सर्वेषामभीष्टं सुखमेव भवति न च दुःखम्। तत्तु शिक्षापत्रीपाठादिना सर्वदा सुखङ्कर्त्तुमनुभवविरुद्धमेव। ईदृक्कथनेन सहजानन्दे लोभादयो दोषा विज्ञायन्ते। प्रलोभनेन विना सम्प्रदायस्य वृद्धिर्न भवति। तद्वृद्ध्या विना प्रतिष्ठा धनप्राप्तिश्च न भवति। पुनर्यथेष्टं विषयसुखं न लभ्यते हीति सहजानन्दस्य बुद्धौ कपटमासीदिति विज्ञेयम्॥ २०४॥

**वर्त्तिष्यन्ते य इत्थं हि पुरुषा योषितस्तथा।**
**ते धर्मादिचतुर्वर्गसिद्धिं प्राप्स्यन्ति निश्चितम्॥ २०६॥**

पाषाणादिमूर्त्तिपूजनादिपाखण्डेन सह ये पुरुषाः स्त्रियश्च वर्त्तिष्यन्ते, ते धर्मार्थकाममोक्षसिद्धिन्तु न प्राप्स्यन्ति। किन्त्वधर्मानर्थकुकामदृढबन्धसिद्धिमेव प्राप्स्यन्तीति निश्चयः॥ २०६॥

**नेत्थं य आचरिष्यन्ति ते त्वस्मत्सम्प्रदायतः।**
**बहिर्भूता इति ज्ञेयं स्त्रीपुंसैः साम्प्रदायिकैः॥ २०७॥**

पाषाणादिमूर्त्तिपूजनं कण्ठीतिलकादिपाखण्डचिह्नधारणं कदाचित्केनचिदपि नैव कर्त्तव्यम्, इतीत्थं ये वर्त्तन्ते ते धर्मार्थकाममोक्षाणां सिद्धिं प्राप्नुवन्त्येव। वेदादिसत्यशास्त्रोक्तं सनातनं सत्यं पक्षपातरहितं न्यायं धर्मं हित्वा शिक्षादिकपोलकल्पितान्, पक्षपातपिष्टपेषणदोषवद्दूषितान्, सहजानन्दादिरचितान्, वेदपठनमार्गविरोधिनो ग्रन्थान् ये स्वीचक्रुः कुर्वन्ति करिष्यन्ति च, तानेव नास्तिकत्वदोषयुक्तान् सत्यधर्मबहिर्भूताञ्छिष्टा विजानीयुरिति सिद्धम्॥ २०७॥

**शिक्षापत्र्याः प्रतिदिनं पाठोऽस्या मदुपाश्रितैः।**
**कर्त्तव्योऽनक्षरज्ञैस्तु श्रवणं कार्य्यमादरात्॥ २०८॥**
**वक्रभावे तु पूजैव कार्यास्याः प्रतिवासरम्।**
**मद्रूपमिति मद्वाणी मान्येयं परमादरात्॥ २०९॥**
**युक्ताय सम्पदा दैव्या दातव्येयं तु पत्रिका।**
**आसुर्या सम्पदाढ्याय पुंसे देया न कर्हिचित्॥ २१०॥**

वेदानां पठनं श्रवणञ्च विहाय शिक्षापत्र्यादीनां सहजानन्दादिकपोलकल्पितानां ग्रन्थानां पठनश्रवणे व्यर्थे एवेति वेदितव्यम्॥ २०८॥

ईदृशस्य जडस्य व्यर्थपुस्तकस्य पूजाकरणोपदेशोऽयुक्त एव। वाणी जीवस्य रूपमेव न भवति कदाचित्। पुनः परमादरान्मान्या तु न, किन्तु परमप्रयत्नात्खण्डनीयाऽशुद्धत्वादिति। एतत्कथं सहजानन्दस्याज्ञानिनो बालान् भ्रामयित्वा कपटेन धनादिकं तेभ्यो हर्त्तव्यमित्यभिप्रायः॥ २०९॥

यो दैव्या सम्पदा युक्तो जनस्त्विमां शिक्षापत्रीं कदाचिन्नैव ग्रहीष्यति, तस्मिन्विद्याप्रकाशस्य विद्यमानत्वात्। यस्त्वविद्याद्यसुरसम्पद्युक्तः स एतां स्वीकरोति। तस्मिन् सम्प्रदाहशब्दवाच्यस्य सम्प्रदायाग्रहान्धकारस्य विद्यमानत्वात्। सम्यक्प्रकृष्टतया दग्धज्ञाना भवन्ति यस्मिन् सोऽयं सम्प्रदाहः। इदानीन्तनास्सम्प्रदाया वेदविरुद्धास्सर्वे सम्प्रदाहशब्दवाच्या एव वेदितव्या इति परामर्शः॥ २१०॥

मरणसमये स्वशिष्याणां हस्तं गृहीत्वा विमानस्योपरि स्थापयित्वा वैकुण्ठं नयति सहजानन्दः, परमसुखश्च ददातीति मिथ्या प्रलापः सहजानन्दशिष्यादिमुखाच्छ्रूयते स सत्यो वा मिथ्या?

मिथ्यैवेति निश्चयः। कथं, यो मृतः स आगन्तुं पूर्वदेहकार्यं कर्तुं च नैव समर्थो भवति। यदि समर्थः स्यात्तर्हि तत्सम्प्रदायस्थैश्छलादिव्यवहारेण धनादिपदार्थाः पुष्कलास्स्वाधीनाःकृतास्तद्भोगं कर्तुमप्यवश्यमागच्छेत्। भोगार्थञ्च न चैवागच्छति किमतो विज्ञायते छिन्ननासिकसम्प्रदायवदज्ञानिजनमोहार्थं तादृशं कथनं ते कुर्वन्ति। नैतत्सज्जनैर्मन्तव्यमिति।



स्वशिष्या लोहादिभिश्चक्रादीनाञ्चिह्नानि रचयित्वाग्नौ प्रतप्य बाहूमूले च सजीवान् देहान् दग्धयन्ति सहजानन्दसम्प्रदायादिस्थाः अहो महत्पापमिति वेद्यम्। केचित्तु वकवृत्तिवत् साधवो जातास्ते स्त्रीदर्शनादिकं न कुर्वन्ति धातुस्पर्शञ्च। तदाचार्य्यो गृहस्थोऽस्ति च, स प्रलोभनाद्यनेकमन्दिरादिमिथ्याव्यवहारैर्धनादिकं हरति, ते च साधवो हारयन्ति, द्वौ विवाहावप्येकः कृतवानीदृगन्यथाव्यवहारो यस्मिन् सम्प्रदाये वर्त्तते तस्मिन् सम्प्रदाये कल्याणस्य प्रत्याशा केनापि नैव कर्त्तव्येति सज्जनैर्वेदितव्यम्। इति सहजानन्दसम्प्रदायस्य दोषदर्शनं दिङ्मात्रमिह वर्णितमधिकञ्च स्वबुद्ध्योहनीयमिति।

**सर्वात्मा सच्चिदानन्दोऽजोऽनन्तस्सर्वशक्तिमान्।**
**भूयात्तमां सहायो नो न्यायकारी शुचिः प्रभुः॥ १॥**
**भूमिरामाङ्कचन्द्रेऽब्दे सहस्यस्याऽसिते दले।**
**एकादश्यामर्कवारे ग्रन्थोऽयम्पूर्त्तिमागमत्॥ २॥**

—०—

॥ ओ३म् ॥

# स्वामिनारायण-मत-खण्डन

(गुजराती का भाषानुवाद)

## सहजानन्दादि मतों के प्रति प्रश्न और उन मतों का खण्डन

प्रश्न—सहजानन्द नामक पुरुष कौन है?

उत्तर—सहजानन्द नारायण का अवतार और स्वामिनारायण नामक पन्थ का आचार्य्य है।

प्रश्न—नारायण कौन है?

उत्तर—गोलोक और वैकुण्ठ में रहनेवाला, चतुर्भुज, द्विभुज और लक्ष्मीपति ईश्वर है।

प्रश्न—वह अब भी (अभी) है कि नहीं?

उत्तर—ईश्वर नित्य है, इससे वह अब भी है।

खण्डन—ऐसा होना अशक्य है, क्योंकि वेद में कहा है कि—

''ईश्वर सर्वव्यापक, वीर्य्यरूप, शरीर, छिद्र और नाड़ी से रहित, शुद्ध और पाप रहित है।''

सर्वान्तर्यामी और सर्वव्यापक ईश्वर का जन्म-मरण और देहधारण है ही नहीं, जिसका जन्म-मरण और शरीर धारण हो उसको ईश्वर कभी कह ही नहीं सकते। फिर आजकल के सहजानन्द का तो क्या कहना है?

प्रथम तो मुरदा के वास्ते आचार्य का नाम बिलकुल नहीं घटता, क्योंकि सहजानन्द मर गया और इसी से वह अभ्यास कराने को असमर्थ है। ब्राह्मण भाग में कहा है कि—

''अपना गुरु जो कि वेद पढ़ा हुआ और केवल ईश्वर की ही भक्ति करता हो, उसके पास शिष्य को अपने हाथ में समिध् नामक लकड़ियों को लेकर जाना चाहिये।''

और वही मनु भी साक्षी देता है कि—

''जो ब्राह्मण, क्षत्रिय अथवा वैश्य गुरु, अपने शिष्य को यज्ञोपवीत आदि धर्म्मक्रिया कराने के बाद वेद को अर्थ और कल्पसहित पढ़ावे तो ही उसको 'आचार्य' कहना चाहिये।''



सहजानन्द की बनाई हुई शिक्षा-पत्री, जिससे सिद्ध होता है कि सहजानन्द ने उस पुस्तक में बहुत कुछ पाखण्ड वर्णन किया है। सहजानन्द की शिक्षापत्री के प्रथम श्लोक का अर्थ निम्नलिखित है—

''श्रीकृष्ण जिनकी बाईं ओर राधाजी खड़ी हैं और जिनकी छाती पर लक्ष्मीजी बैठी हैं और जो वृन्दावन में क्रीड़ा करते हैं, उनका मैं हृदय से ध्यान धरता हूँ''॥ १ ॥

राधा वाम और दक्षिण, पश्चिम, आसपास और ऊपर नीचे कहाँ खड़ी हैं, सो प्रत्यक्ष अनुमान और शब्द द्वारा किसी को भी निश्चय होता नहीं। इसलिये सहजानन्द ने जो कल्पना करी सो व्यर्थ है। जबकि छाती के ऊपर लक्ष्मी बैठी है तो कृष्ण के मुख में दरिद्रता बैठी है, ऐसा मानना पड़ेगा। महाभारत में कहा है कि ''कृष्ण द्वारिका की पड़ोस में मर गये''। अब कौन जाने कि कृष्ण का जीव इस समय कहाँ है? कृष्ण तो वृन्दावन में क्रीड़ा करते हुए किसी को नहीं दीख पड़ते, किन्तु वृन्दावन में बहुपाखण्ड पाषाणादि की मूर्त्तियाँ दीखती हैं। निराकार, जन्म-मरण-रहित ईश्वर को छोड़ के कृष्ण का मैं हृदय में ध्यान धरता हूँ, ऐसा कहना मिथ्या है॥ १ ॥

''मुकुन्दानन्द आदि नैष्ठिक ब्रह्मचारी और भट्ट मायाराम आदि गृहस्थ मेरे आश्रित हैं''॥ ४ ॥

मुकुन्दानन्द आदिकों ने वेद और ईश्वर पर आस्था रक्खी नहीं, इससे उनका नैष्ठिक ब्रह्मचारी नाम घटता ही नहीं है॥ ४।

इसी प्रकार से इनके बहुत से आगे के श्लोक भी भ्रष्ट और अशुद्ध हैं।

''रास्ता चलते हुए शिवालय आदि जो देवमन्दिर आवें, उनको नमना और प्रेम से उनका दर्शन करना चाहिये''॥ १३ ॥

पाषाण आदि मूर्त्ति के घर को देवालय नाम दिया इससे और उनका दर्शन करना इस प्रकार अनर्थ वचन कहने से मालूम पड़ता है कि सहजानन्द पदार्थविद्या बिलकुल नहीं जानता था॥ १३ ॥

''अपने वर्ण आश्रम का जो धर्म उसका कोई पुरुष त्याग न करे, उसी प्रकार पाखण्डकल्पित परधर्म का आचरण भी नहीं करना चाहिये''॥ १४ ॥

प्रथम सहजानन्द ने वेदोक्त अपने वर्णाश्रम धर्म का त्याग किसलिये किया? जो कहो कि त्याग नहीं किया तो वेदविरुद्ध मूर्त्तिपूजन, कण्ठी, तिलकधारणादि पाखण्डों का आचरण क्यों किया-कराया? यह तो ऊपर से सिद्ध होता है कि सहजानन्द ने अपने पैर में अपने आप ही कुठार मारा है, यहाँ तक अपने कथन को अपने आप ही धो डाला है॥ १४॥

''जिसके कहने से कृष्ण-भक्ति में भंग पड़े, उस पुरुष के मुख से कभी भगवान् की कथा-वार्ता सुननी नहीं चाहिये''॥ १५॥

'केवल कृष्ण की ही भक्ति करने में अपना धर्म रहता है'। इस प्रकार सहजानन्द का कहना व्यर्थ है। क्योंकि वेद में जहाँ वर्णाश्रम धर्म प्रतिपादन प्रकरण चला है, वहाँ पर 'कृष्ण की भक्ति करनी यही स्वधर्म है,' ऐसा नहीं कहा। यह ऊपर से समझना चाहिये कि सहजानन्द और उसके सम्प्रदायवालों के मुख से कभी किसी को कथा-वार्ता नहीं सुननी चाहिये। कृष्ण को (मुरदा को) प्रभु नाम देना नहीं बन सकता, क्योंकि इनके जन्म-मरण आदि दोष हुए हैं॥ १५॥

''स्त्री से श्रुति अथवा ज्ञानवार्ता मनुष्यों को सुननी नहीं चाहिये, इसी प्रकार स्त्री, राजा और राजपुरुषों के साथ वाद-विवाद नहीं करना चाहिये''॥ ३४॥

याज्ञवल्क्यादि महान् ऋषियों ने गार्गी आदि स्त्रियों के साथ धर्म विषय पर विचार किया था, इससे सहजानन्द की कल्पना मान्य करने योग्य नहीं॥ ३४॥

''कृष्णदीक्षा की प्राप्ति के लिये तुलसी की बनी हुई माला पहरनी और ललाट आदि भागों पर ऊर्ध्वत्रिपुण्ड्र करना चाहिये''॥ ४१॥

कृष्णदीक्षा, तुलसी-माला-धारण और ऊर्ध्वपुण्ड्र आदि जो कहा, सो सहजानन्द का कहना मिथ्या है, क्योंकि ऐसा करना वेदविरुद्ध और युक्तिरहित है। जो कण्ठी, थोड़ा सा तिलक धारण करने से पुण्य होता है तो कण्ठी का भार बांधने से और समस्त मुख तथा शरीर लीप देने से अत्यन्त पुण्य होता है, ऐसा मानना पड़ेगा, और जो ऐसा मानते हो तो यह काम जल्दी करो॥ ४१॥

सहजानन्द के ऐसे-ऐसे कितने ही श्लोक भ्रष्ट हैं।

''वंशपरम्परा से जो ब्राह्मण रुद्राक्ष धारण करता हो तो उसको मेरा



आश्रित होने पर उसका त्याग नहीं करना चाहिए। नारायण और केशव की एकात्मता (अभिन्नता) ही है, क्योंकि वेद में इन दोनों को ब्रह्मरूप गिना है''॥ ४६-४७॥

त्रिपुण्ड्र, रुद्राक्ष का धारण करना, ऐसा जो सहजानन्द ने माना, सो प्रथम सहजानन्द ने अपनी ही रुद्राक्ष किसलिये त्यागी और अपने सम्प्रदाय-वालों की किसलिये छुड़ाई? ''मेरे आश्रितों को'' ऐसा वचन सहजानन्द ने वार-वार लिखा है, सो मिथ्या है। क्योंकि जिसको जन्म-मरणादि दोष प्राप्त हुए, ऐसे अविद्वान् जीव का आश्रय निष्फल है।

नारायण और शिव दोनों एक ही हैं, ऐसा सहजानन्द ने ऊपर कहा है, सो मिथ्या है, क्योंकि वेद में शिव और नारायण को ब्रह्मरूप माना नहीं॥ ४६-४७॥

''इस प्रकार करने के बाद राधाकृष्ण की छवि अथवा मूर्त्ति का प्रेम से दर्शन करके यथाशक्ति उनका मन्त्र जप करना, उसके पीछे संसार का व्यवहार चलाना चाहिये''॥ ५४॥

राधाकृष्ण को सहजानन्द ने या दूसरे किसी ने प्रत्यक्ष देखा नहीं, फिर उनकी छवि अथवा मूर्त्ति कैसे हो? यह ऊपर से सिद्ध होता है कि सहजानन्द जो कुछ कहता है, वह बिलकुल असत्य है॥ ५४॥

''पाषाण अथवा धातु आदि की बनाई हुई मूर्त्ति की यथाशक्ति फल-फूल आदि पदार्थों से पूजा करनी और पीछे कृष्ण का अष्टाक्षर मन्त्र जपना''॥ ५६॥

इस श्लोक से सिद्ध होता है कि सहजानन्द की बुद्धि जड़ थी, क्योंकि वेदविरुद्ध पाषाणादि मूर्त्तिपूजन का इसने प्रतिपादन किया है। वेदविरुद्ध कृष्ण मन्त्र जपने से सहजानन्द को नास्तिक नाम दिया जा सकता है॥ ५६॥

''हरि को नैवेद्य दिये पीछे बाकी बची प्रसादी आप खानी चाहिये और कृष्ण सेवा में जिस प्रकार बन सके, उसी प्रकार तत्पर रहना''॥ ५८॥

हरि प्रत्यक्ष दीखता नहीं और मूर्त्तियों में भोजन करने की शक्ति नहीं, इस कारण से मूर्त्ति को नैवेद्य धरना व्यर्थ है। यह बिलकुल छल-कपट है, क्योंकि जब ऐसा होता है, तभी अपने अंगूठे के दर्शन और टन् टन् पुँ पुँ करके भोजन करने में थोड़ा श्रम होता है॥ ५८॥

''अपने आचार्य ने जो कृष्णरूप दिया हो और जिस में प्राणप्रतिष्ठा कर दी हो उस ही की सिर्फ सेवा करनी और की सेवा नहीं करनी। हर रोज शाम को भगवत्-मन्दिर में जाना और वहाँ राधापति कृष्ण का ऊँची आवाज से कीर्त्तन करना''॥ ६२-६३॥

पाषाण आदि मूर्त्तिस्वरूप, जिसकी प्रतिष्ठा होती है, वह कृष्णस्वरूप नहीं हो सकता, क्योंकि वह तो केवल पत्थर ही है। ऐसा पत्थर किसी को कभी सेवनीय नहीं। इसी प्रकार उसको नमना भी नहीं। जो सर्वशक्तिमान्, अवताररहित, न्यायकारी, दयालु, सर्वान्तर्यामी, सर्वव्यापक, निराकार और श्रेष्ठ परमात्मा है, उसकी सब मनुष्यों को पूजा करनी और उसी को नमना चाहिये।

शाम को सब मनुष्यों को भगवद्मन्दिर में जाकर पाषाणादि मूर्त्तियों की, और जिसका जन्म-मरण हुआ, ऐसे राधापति कृष्ण नाम मुर्दा की पूजा करनी और उसका ऊँची आवाज से कीर्त्तन करना, ऐसा जो ऊपर कहा, सो सब मिथ्या उपदेश है। यह ऊपर से जान पड़ता है कि सहजानन्द कुत्ते की तरह भौंका है। वह वेदविद्या बिलकुल नहीं जानता था। असत्य उपदेश से सहजानन्द की सद्गति भी नहीं हुई होगी, ऐसा अनुमान किया जा सकता है।

इस मिथ्या उपदेश को जो स्वीकार करता और जो दूसरों को कराता है, उसकी सद्गति न तो हुई और न होती है और न होगी भी। जो मनुष्य वेदादि सद्विद्या, पक्षपातरहित न्याय और वैरबुद्धित्यागादि स्वरूप धर्म का बोध कराता है, उसको और जो मनुष्य यथावत् ऐसे बोध को स्वीकार करता, और न्यायकारी दयालु, निराकार परमेश्वर की प्रार्थना, उपासना तथा स्तुति बराबर करेगा, केवल उसी को सद्गति प्राप्त होगी॥ ६२-६३॥ इसी प्रकार आगे के श्लोक अशुद्ध हैं।

''एकादशी आदि सम्पूर्ण व्रतों को रखना और कृष्ण के जन्म-दिवस और शिव-रात्रि को बड़ा उत्सव करना चाहिये''॥ ७९॥

एकादशी आदि व्रत वेद में कहीं लिखे नहीं, किन्तु वेद में ब्रह्मचर्य, सत्यभाषण आदि व्रत करना लिखा है। अतः सिद्ध हुआ कि एकादशी आदि व्रतों का रखना व्यर्थ है॥ ७९॥

''सम्पूर्ण वैष्णवों के अधिपति जो वल्लभाचार्य उनके पुत्र विट्ठल ने जो-जो उत्सव निर्माण किये हैं, उन सब उत्सवों को विट्ठल के अनुसार करना चाहिये। जिस प्रकार विट्ठल ने कृष्ण की सेवा करी है, उसी प्रकार



ग्रहण करनी। द्वारिका आदि मुख्य यात्रायें शक्तिपूर्वक यथाविधि करनी, और कंगाल मनुष्यों पर दया रखनी। मेरे आश्रितों को विष्णु, शिव, गणपति, पार्वती और सूर्य इन पाँच देवताओं को पूज्य मानना चाहिये। भूत-प्रेत उपद्रव करें तो नारायण कवच अथवा हनुमान् मन्त्र का जप करना। परन्तु किसी शूद्र देव का जप करना नहीं''॥ ८१-८५॥

सर्व वैष्णवराज वल्लभाचार्य के पुत्र विट्ठल ने परधनहरण, धर्मनाश, परस्त्रीगमनादि व्यभिचारों को स्वतः करके उपदेश किया है। इस प्रकार कर्म करनेवाले पुरुष के मत विषय में सहजानन्द ने अपनी सम्मति देकर उपदेश किया है, इससे सहजानन्द भी दुष्ट था, यह सिद्ध हुआ।

द्वारिका आदि तीर्थयात्रायें करनी, ऐसा जो सहजानन्द ने उपदेश किया, वह केवल भ्रान्ति से ही किया है, यह निश्चय कर जानना। जड़, पत्थर, पानी आदि पदार्थों में तीर्थोपदेश का सम्भव दीखता नहीं। इसलिये यह उपदेश अत्यन्त दुःखदायक है। छान्दोग्य उपनिषद् में तीर्थ शब्द का अर्थ वेद अथवा ईश्वर का ज्ञान होता है, जिससे अविद्या, जन्ममरण, हर्ष-शोकादि दुःखों से तरे, उसी का नाम तीर्थ होता है।

शिव, विष्णु, गणपति, पार्वती आदि देहधारी मुर्दाओं की पूजा और सूर्य स्वतः जड़ है, इससे उसकी पूजा विषय में वेद में कहा नहीं। इसलिये एक परब्रह्म की पूजा करनी चाहिये, और इन पाँचों की पूजा करनी, यह जो सहजानन्द ने कहा है, वह मिथ्या है। भूत-प्रेतों के निवारण के लिये नारायण कवच अथवा हनुमान् मन्त्र का जप करना, ऐसा उपदेश करने से मालूम पड़ता है कि सहजानन्द को भ्रम उत्पन्न हुआ होगा॥ ८१-८५॥

''वेद, व्याससूत्र, भागवत, भारत में कहा हुआ विष्णुसहस्रनाम, भगवद्गीता, विदुरनीति, स्कन्दपुराण और वैष्णवखण्ड में कहा हुआ वासुदेव माहात्म्य और याज्ञवल्क्यस्मृति आदि आठ सच्छास्त्रों का प्रमाण मुझे इष्ट है। ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य को जो कल्याण के इच्छुक और मेरे शिष्य हैं, उनको इन आठ शास्त्रों को सुनना और पाठ करना और कराना चाहिये। इन आठ शास्त्रों में आचार, व्यवहार और प्रायश्चित्त के निर्णय के लिये याज्ञवल्क्य स्मृति की मिताक्षरा नामक टीका का भी मैं ग्रहण करता हूँ। भागवत के पाँचवें और दशमस्कन्ध में कृष्णलीला लिखी है, इससे वे दो स्कन्ध अवश्य जानना। भागवत के दशमस्कन्ध में भक्तिशास्त्र, पाँचवें में योगशास्त्र और याज्ञवल्क्यस्मृति में हमारा धर्मशास्त्र वर्णन किया है।

शारीरक और भगवद्गीता का भाष्य जो रामानुज आचार्य ने बनाया है, वह हमारा अध्यात्मशास्त्र है। इन शास्त्रों के जिन-जिन वाक्यों में कृष्ण, धर्म, भक्ति और वैराग्य का वर्णन किया होय उन वाक्यों को दूसरे वाक्यों की अपेक्षा श्रेष्ठ मानना, और कृष्णभक्ति धर्म के साथ ही रखनी चाहिये''॥ ९३-१०२॥

ऊपर के सब श्लोक (प्रायः) अशुद्ध हैं। भागवत आदि पुराण और भारत में विष्णुसहस्रनाम, भगवद्गीता आदि का ही केवल स्वीकार, दूसरे ग्रन्थों का त्याग, याज्ञवल्क्यस्मृति की मिताक्षरा टीका का ग्रहण, पूर्वमीमांसा तथा मनुस्मृति का त्याग करने से और वासुदेव के माहात्म्य गिनने से सिद्ध होता है कि सहजानन्द अविद्वान् था। सहजानन्द भागवत के भ्रष्ट, मिथ्या, भूत-प्रेत अधर्म्म कथा प्रतिपादक दशमस्कन्ध को सर्वशास्त्रों की अपेक्षा श्रेष्ठ मानता है। अतएव जान पड़ता है कि सहजानन्द वेदनिन्दक (नास्तिक) था।

दशमस्कन्ध में भक्ति लेशमात्र नहीं है, किन्तु व्यभिचार आदि अधर्म का प्रतिपादन प्रसिद्ध है। पाँचवें स्कन्ध में योगशास्त्र का प्रतिपादन तो किया नहीं किन्तु योगाभास का प्रतिपादन किया है। श्रौतसूत्र और मीमांसा आदि धर्मशास्त्रों का तिरस्कार करने से और दले हुए पदार्थ को फिर से दलने के समान 'याज्ञवल्क्य स्मृति' का स्वीकार करने से ऐसा मालूम पड़ता है कि सहजानन्द वेद के कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड विषय में कुछ नहीं जानता था। शारीरक-सूत्र का रामानुज से किया हुआ अति अशुद्ध भाष्य का प्रमाण मानने से सहजानन्द अविवेकी था, यह सिद्ध होता है।

श्रीकृष्ण ने खुद ही वेदवाक्यों को सर्वोत्कृष्ट माना है, फिर सहजानन्द ने ऊपर जो दशमस्कन्ध आदि को श्रेष्ठ गिना है, सो सहजानन्द को भ्रम हुआ होगा, ऐसा जान पड़ता है। वेदवाक्य सर्वोत्तम हैं, यह ब्रह्मादि विद्वानों का सिद्धान्त है। परन्तु सहजानन्द भौंकता है कि कृष्ण के वाक्य वेद की अपेक्षा श्रेष्ठ हैं, यह सहजानन्द का शरमा के डूब मरना जैसा है॥ ९३-१०२॥

जिस प्रकार हृदय में जीव रहता है, उसी प्रकार ईश्वर अन्तर्यामीपने से जीव में रहता है, व स्वतन्त्र और सबको उन-उन के कर्मों का फलदाता है, वह पूर्ण पुरुषोत्तम परब्रह्म श्रीकृष्ण भगवान् उपासना करने योग्य इष्ट देव सर्व पदार्थों के आविर्भाव का कारण (प्रसिद्ध करता) है, जब वह राधा के साथ हो तब वह राधाकृष्ण, रुकमिणी के साथ हो तब लक्ष्मीनारायण, अर्जुन के साथ होय तो तब नरनारायण, और जब बलभद्रादिकों से युक्त



होय तब उनको वही नाम देना चाहिए॥ १०७-११०॥

जीव के सृदश कभी ईश्वर बनता नहीं, क्योंकि सर्वशक्ति, सर्वज्ञता, निर्विकारत्व आदि गुणयुक्त स्वभाव ईश्वर का ही है। जन्म, मरण, हर्ष, शोक आदि गुणयुक्त कृष्ण को परब्रह्म, भगवान्, पूर्ण पुरुषोत्तम आदि नाम देना बिलकुल सम्भव नहीं। एक सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयालु, सर्वान्तर्यामी, सच्चिदानन्द-स्वरूप, निर्दोष, निराकार, अवताररहित और वेदयुक्तिसिद्ध परमात्मा को छोड़ के जन्ममरणयुक्त कृष्ण की उपासना करनी—यह जो सहजानन्द ने कहा है, इससे मालूम पड़ता है कि सहजानन्द को पदार्थज्ञान बिलकुल नहीं था। राधा तो 'अनय' नामक ग्वाले की स्त्री थी। कृष्ण का उससे कोई सम्बन्ध नहीं था। कृष्ण की स्त्री का नाम रुक्मिणी था, इससे उसको लक्ष्मीनारायण नाम देना अयोग्य है। इस प्रकार कथनकर सहजानन्द ने अपनी मूर्खता बतलाई है, क्योंकि सर्वज्ञता के विना सहजानन्द का कथन युक्तिरहित दिखाई पड़ता है॥ १०७-११०॥

''उन्हीं की ही (सिर्फ कृष्ण की ही) सब मनुष्यों को भक्ति करनी चाहिये, उनकी भक्ति करने के विना सुख का दूसरा साधन कुछ भी नहीं''॥ ११३॥

कृष्ण का खुद का ही कल्याण हुआ कि नहीं, इस विषय में विद्वानों को संशय उत्पन्न होता है। कृष्ण ने स्वयं ही एक ईश्वर की भक्ति की है और वैसा ही करने का उपदेश किया है। फिर सहजानन्द ने जो ऊपर कहा है कि सब मनुष्यों को केवल कृष्ण की ही भक्ति करनी चाहिये, उनकी भक्ति करने के विना सुख का दूसरा साधन कुछ भी नहीं है, यह कहकर उसने अपनी अविद्या बताई है॥ ११३॥

''गुणवान् पुरुषों को विद्यादि गुणों का उत्तम फल तो यही है कि कृष्ण की भक्ति और सत्सङ्ग करना। उसको छोड़ के जो कोई दूसरा कुछ करेगा, वह विद्वान् होकर भी अधोगति अर्थात् नरक पावेगा''॥ ११४॥

इस श्लोक में छन्दोभङ्ग दोष होने से मालूम पड़ता है कि सहजानन्द की छन्दोज्ञान विषय में कुछ भी समझ नहीं थी। कृष्ण मर गया, इसलिये अब उसकी भक्ति करनी अयोग्य और निष्फल है। विद्वान् लोग अपनी विद्या के प्रकाश से सर्वदा सद्गति पाते हैं, किन्तु अविद्या, अधर्माचरण और अज्ञान से सहजानन्द जैसे अविद्वान् पुरुषों को असद्गति प्राप्त होती है, ऐसा दीख पड़ता है॥ ११४॥

''तीन प्रकार के शरीरों से विलक्षण जीव उन में ब्रह्मरूप की भावना करके श्रीकृष्ण की ही भक्ति सर्वदा करनी''॥ ११५॥

जो जीव ब्रह्मरूप हो तो ब्रह्म की तुल्यता जीव में क्यों नहीं दीखती? जो जीव ब्रह्मतुल्य हो तो जिस प्रकार ब्रह्म ने यह सब जगत् रचा, इसी प्रकार जीव थोड़ासा ही नवीन जगत् क्योंकर नहीं रच लेता? जो जीव ब्रह्म एक हो तो अविद्या जन्म मरण, हर्ष, शोक, ठंडी, ताप, सुख, दुःख, ताप [=ज्वर], पीड़ा और बन्ध आदि दोष ब्रह्म में मानने पड़ेंगे। जो जीव से ब्रह्म भिन्न हो तो एक ब्रह्म की ही भक्ति करनी और कृष्णादि जीवों की भक्ति नहीं करनी चाहिये। एक कृष्ण की ही भक्ति करनी—यह जो सहजानन्द ने ऊपर कहा, उससे सिद्ध होता है कि इस प्रकार कहने में इसने महान् पाप किया है॥ ११५॥

''मेरा मत विशिष्टाद्वैत और मेरा प्रिय स्थान गोलोक है, वहाँ ब्रह्मरूप कृष्ण की सेवा करनी, यह मेरी मुक्ति जाननी''॥ १२१॥

सहजानन्द का मत चक्राङ्कित के समान है, ऐसा दीख पड़ता है। विशिष्टाद्वैत शब्द का अर्थ सब मनुष्य इसी प्रकार करते हैं कि—अविद्यायुक्त जीव और मायायुक्त ईश्वर है। कुछ मनुष्य ईश्वर की माया एक मानते हैं। इस प्रकार तीन-चार पदार्थों से अद्वैत सिद्ध नहीं होता। दूसरे पदार्थ के विना विशिष्ट शब्द बन ही नहीं सकता। दो पदार्थ अद्वैत नहीं हो सकते। किन्तु ब्रह्म तो अवश्य अद्वैत है। सजातीय, विजातीय दूसरा ब्रह्म है ही नहीं। इसलिये यह भेद ब्रह्म में संयोग के विना सिद्ध नहीं हो सकता। वेद और युक्तिसिद्ध एकरसमात्र एक ही ब्रह्म है, यह अद्वैत शब्द का अर्थ जानना है अत: दीख पड़ता है कि रामानुज और सहजानन्द के मत भ्रष्ट हैं। गौ आदि पशुओं का लोक मेरा स्थान है, इस प्रकार जो सहजानन्द ने कहा सो अपनी जाति के नियम से सहजानन्द खुद ही पशु बनता है। गोलोक में निवास करने से और एक कृष्णसेवा से ही मुक्ति प्राप्त होती है, ऐसा जो सहजानन्द ने बका है, सो मिथ्या है॥ १२१॥

''मैंने बड़े-बड़े मन्दिरों में लक्ष्मीनारायणादि मूर्त्तियों की प्राणप्रतिष्ठा करी है, उनकी यथाविधि सेवा करनी''॥ १३०॥

सहजानन्द अथवा और कोई भी बिलकुल विद्याधर्मविरुद्ध और द्रव्यनाशक बड़े मन्दिरों में रहनेवाली पाषाणादिमूर्त्तियों को लक्ष्मीनारायण का नाम नहीं दे सकता, क्योंकि वेद में मूर्त्तिपूजाविषय में कुछ कहा नहीं



इसलिये, और मूर्त्ति स्वत: जड़ है इस कारण से, तथा लक्ष्मीनारायण आदि तो चेतन थे, इस हेतु से मूर्त्ति का यथाविधि खण्डन करना चाहिये, न कि पूजन करना॥ १३०॥

''दो अमुक पुरुषों की स्त्रियों को अपने-अपने पति की आज्ञा लेकर केवल स्त्रियों को ही कृष्णमन्त्र का उपदेश करना चाहिये''॥ १३३॥

सहजानन्द ने जाना कि उपदेश के सिवाय स्त्रियों से धनप्राप्ति कभी होय नहीं। अत: स्पष्ट रीति से दीख पड़ता है कि सहजानन्द ने एकदम छल-कपट फैला दिया है। परब्रह्म का मन्त्र छोड़कर कृष्ण का अर्थात् मुर्दामन्त्र का उपदेश करने से सहजानन्द लोभी और अज्ञानी ठहरता है॥ १३३॥

''अपने कमाये हुए धन-धान्य का दशमा भाग कृष्ण के अर्पण करें, और जो मनुष्य दुर्बल होवें बीसवाँ भाग कृष्ण को देवें''॥ १४७॥

परधन हरने में और अपने को सुख देने में सहजानन्द का छल-भेद खुल्लमखुल्ले दीखता है। इस प्रकार करने में सहजानन्द का अभिप्राय यह था कि यत्किञ्चित् मेहनत कार्य के विना ही दसवाँ, बीसवाँ भाग लेकर अपने संसार का विषयसुख खूब भोगेंगे। ऊपर कहा है कि कृष्ण को अर्पण करना, तो कृष्ण खुद तो दसवाँ अथवा बीसवाँ भाग लेने को आ ही नहीं सकता, और कृष्ण कुछ ऐसा दरिद्री नहीं था। अत: सिद्ध होता है कि सहजानन्द ने गोकुल के वल्लभ सम्प्रदायवालों की तरह खूब धूर्त्तता चलाई है।

ऐसे-ऐसे धूर्त्त सम्प्रदायों के फैल जाने से अपने आर्य्यावर्त्त देश को बहुत हानि उठानी पड़ी। इसलिये सब सज्जनों को श्रम उठाकर इन सम्प्रदायों को जड़-मूल से उखाड़ डालना चाहिये। जो कभी उखाड़ डालने में न आवे तो अपने देश का कल्याण कभी होने का ही नहीं॥ १४७॥

''एकादशी आदि व्रतों का यथाशक्ति और शास्त्र प्रमाण से उद्यापन करना। उद्यापन मन की इच्छा को पूर्ण करता है। श्रावण मास में बिल्व आदि के पत्रों से महादेव की पूजा करें-करावें''॥ १४८-१४९॥

इससे भी सहजानन्द की धूर्त्तता दीखती है। जो कभी एकादशी आदि व्रतों को नहीं करें तो शिष्यों से उद्यापन विना धनलाभ नहीं होय, श्रावण महीने में महादेव पूजन अर्थात् पाषाण आदि मूर्त्तिपूजा विना, अपने को शिष्यों से धन-प्रतिष्ठा मिलेगी नहीं, ऐसे-ऐसे विचारों से सहजानन्द ने अपना कपट दिखाया है॥ १४८-१४९॥

''देव की मूर्त्ति के सिवाय लिखी [बनी] हुई अथवा लकड़ी आदि

की स्त्रियों की मूर्त्तियों का कभी स्पर्श न करें और उनकी तरफ बुद्धिपूर्वक दृष्टि से देखें भी नहीं''॥ १७७॥

प्रथम तो सहजानन्द ने अपने मन्दिर में राधा की मूर्त्ति की स्थापना क्यों करी? और 'जिनकी बाईं तरफ राधा है' इत्यादि वाक्यों का सहजानन्द ने किसलिये मनुष्यों को उपदेश किया? सहजानन्द के शिष्य बुद्धिपूर्वक राधा का दर्शन किसलिये करते हैं? इस प्रकार के प्रमत्त गीत और बकवाद से सहजानन्द पर अनेक प्रकार के दोष लगते हैं॥ १७७॥

''सब इन्द्रियों को जीत लेना, उनमें से विशेष करके रसना इन्द्रिय को जीतना, किसी को द्रव्य का संग्रह करना नहीं, उसी प्रकार किसी को करने भी नहीं देना। किसी की स्थापना करनी नहीं, धैर्य का त्याग करना नहीं और अपने रहने की जगह में परस्त्री को आने देना नहीं चाहिये''॥ १८८, १९०॥

सिर्फ साधु ही जितेन्द्रिय होवे, ऐसा जो तुम उपदेश देते हो, तो तुम क्या असाधु हो? तुम्हारे विचार से क्या गृहस्थ जितेन्द्रिय न होवें? ऊपर कहा कि किसी को स्थापन न करें, तो क्या विद्या, धर्म, ईश्वर, प्रार्थना, स्तुति और उपासना का स्थापन नहीं करना चाहिये? वेद, धर्म, ईश्वर, प्रार्थना, स्तुति और उपासना का स्थापन नहीं करना चाहिये? वेद, धर्म, युक्तिविरुद्ध सम्प्रदायों का स्थापन किसलिये करना चाहिये? और सहजानन्द ने इस प्रकार के सम्प्रदायों का किसलिये स्थापन किया? सब मनुष्यों को इस प्रकार के पाखण्डों का खण्डन और सत्यधर्म का मण्डन अवश्य करना चाहिये॥ १८८-२०४॥

''इस प्रकार सब मनुष्यों का धर्म संक्षेप से लिखा है, और इन धर्म्मों का विस्तारपूर्वक वर्णन सम्प्रदाय के ग्रन्थों में से समझ लेना। मैंने सब सत्यशास्त्रों का सार निकाल के मनुष्यों को इष्ट फल की देनेवाली यह शिक्षापत्री लिखी है''॥ २०३-२०४॥

धर्म का तो लेशमात्र प्रतिपादन किया नहीं, किन्तु अपनी कपोलकल्पना से अपनी भ्रान्ति का प्रकाश किया दीखता है। वेदादि शास्त्रों में जो यथावत् धर्म्म लिखा है, उसका ज्ञान सहजानन्द को बिलकुल नहीं था। लिखे हुए धर्म का फिर से लिखना व्यर्थ है, क्योंकि ऐसा करने से दले हुए को दलने के समान है। मनुष्यमात्र का सनातन साम्प्रदायिक ग्रन्थ वेद ही है, और शिक्षापत्री आदि ग्रन्थ सब मिथ्या हैं। ''विस्तर'' शब्द व्याकरण नियम से अशुद्ध है। ''विस्तर'' की जगह ''विस्तार'' शब्द लिखना चाहिये। कथन,



श्रवण, आदि अर्थों में ही विस्तर शब्द प्रयोग होता है।

सहजानन्द को सत्यशास्त्र का बोध तो था ही नहीं, तथा इसने कुछ अध्ययन भी नहीं किया था, क्योंकि इसने वेद और युक्तिविरुद्ध पाषाण आदि मूर्तिपूजन, कण्ठी, तिलक, धारण आदि भ्रष्ट कर्मों का प्रतिपादन किया है। शिक्षापत्री में सार की जगह असार वर्णन किया है। शिक्षापत्री लोभ विषय में तो इष्ट फलदायक है, परन्तु शिक्षापत्री का पाठ करने से सर्वदा सुखप्राप्ति होती है, यह अनुभवरहित बात है। सहजानन्द के ऐसे-ऐसे वचनों से सहजानन्द लोभी ठहरता है। लोभ के विना सम्प्रदाय की वृद्धि होती नहीं, और वृद्धि न हो तो प्रतिष्ठा और धनप्राप्ति भी न हो, और जो उसकी प्राप्ति न हो तो इष्ट विषय-सुख नहीं मिले। अत: समझना कि सहजानन्द की बुद्धि कपटरूप थी॥ २०३-२०४॥

''जो पुरुष अथवा स्त्री इस शिक्षापत्री में कहे धर्मपूर्वक वर्ताव करेंगे, उनको अवश्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्त होंगे''॥ २०५॥

जो मनुष्य पाषाण आदि मूर्त्तिपूजन आदि पाखण्डों का आचरण करेगा, उसको धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष तो प्राप्त नहीं होगा, बल्कि अधर्म, अनर्थ, दुष्ट इच्छा, बन्ध, नरक आदि दोष अवश्य प्राप्त होंगे॥ २०६॥

''शिक्षापत्री के अनुकूल जो मनुष्य आचरण नहीं करें, वे अपने सम्प्रदाय से बाहर हैं, इस प्रकार मेरे साम्प्रदायिक स्त्री-पुरुषों को समझना चाहिये''॥ २०७॥

पाषाण आदि मूर्त्तिपूजन, कण्ठी, तिलक आदि पाखण्डरूप चिह्न कभी कोई न करें और जो पुरुष इन चिह्नों को नहीं करें सिर्फ उन्हीं पुरुषों को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होगी। वेदादि सत्यशास्त्रोक्त सनातन, सत्य, पक्षपातरहित, न्याय धर्म का त्याग करके सहजानन्द आदिकों के बनाये हुए शिक्षा की पत्री आदि भ्रष्ट और वेद-युक्तिविरुद्ध ग्रन्थों का जिन मनुष्यों ने स्वीकार किया, करते हैं और करेंगे, श्रेष्ठ पुरुष उन सबको सद्धर्मरहित और नास्तिक नाम देवें॥ २०७॥

''मेरे आश्रित पुरुष शिक्षापत्री का हर रोज पाठ करें, और जो विद्याहीन हों, वे प्रीति से उसका श्रवण करें, और जो श्रवण करना भी न बने तो इस शिक्षापत्री की अत्यन्त प्रीति से पूजा करें और इसको मेरी वाणी तथा मेरा रूप जानें। इस पत्री को दैवी मार्गी पुरुष को देवें किन्तु असुर को न देवें''॥ २०८-२१०॥

वेद का पढ़ना-सुनना छोड़कर सहजानन्द आदि के बनाये हुए शिक्षापत्री आदि कपोलकल्पित पुस्तकों को पढ़ने और सुनने से अधिक पाप लगता है। इस जड़, व्यर्थ पुस्तक की पूजा करने का उपदेश देने में योग्यता मालूम पड़ती है। वाणी कभी जीवरूप बनती नहीं। परम प्रीति से शिक्षापत्री का सत्कार करें, ऐसा जो सहजानन्द ने कहा, सो सत्कार करने के बदले परम प्रयत्न से इस अशुद्ध पत्रिका का खण्डन करें। इस प्रकार कथन में सहजानन्द का मूल मतलब अज्ञानी और बालकों को भ्रमा कर उनसे धनादि पदार्थों का छीन लेना है।

जो दैवी मार्गी होगा, वह तो शिक्षापत्री को हाथ में पकड़ेगा भी नहीं। जो मनुष्य विद्यारहित असुर सम्प्रदाय का है, वह स्वीकार करता है। उन मनुष्यों के सम्प्रदाय को 'सम्प्रदाह' नाम देना चाहिये, क्योंकि सम्प्रदाय अन्धकाररूप है। जिसमें विद्या और विज्ञान का सत्यानाश हो जाय उसका नाम 'सम्प्रदाह' पड़ता है। वर्त्तमान में जितने वेद-विरुद्ध सम्प्रदाय हैं, उन सबको 'सम्प्रदाह' नाम देना चाहिये॥ २०८-२१०॥

**प्रश्न**—मरण समय में सहजानन्द अपने शिष्यों का हाथ पकड़ विमान पर चढ़ा के वैकुण्ठ ले जाता है, और परम सुख देता है, इत्यादि गपोड़ा सहजानन्द के शिष्यों के द्वारा सुना जाता है, वह सत्य है कि मिथ्या?

**उत्तर**—बिलकुल मिथ्या दीखता है, क्योंकि जो पुरुष मर गया, वह फिर से आकर प्रथम शरीर धारण कर ही नहीं सकता। जो कभी वैसे करने में समर्थ हो तो सम्प्रदायवालों ने छल-कपट से जो पुष्कल द्रव्य इकट्ठा किया है, उसको भोगने के लिये भी अवश्य आना चाहिये। अतः समझना चाहिये कि सहजानन्द आदि धूर्त्त; अज्ञानी मनुष्यों को मोह में डालने के अर्थ ऐसे-ऐसे कथन करते हैं।

अपने शिष्यों के हाथ पर लोह का खण्ड दाग कर चक्र आदि चिह्नों के करने से सहजानन्द के सम्प्रदायवालों को अत्यन्त पाप लगेगा। जो बगुलाभगत हैं, वे स्त्री-दर्शन और धातुस्पर्श नहीं करते, गृहस्थ आचार्य लोभ के हेतु से मन्दिर बाँध, कपट से द्रव्य आदि पदार्थों को छीन लेते हैं। **दो-दो विवाह करना आदि धर्म जिस सम्प्रदाय में होते हों, उसमें कल्याण की आशा किसी सज्जन पुरुष को कभी नहीं रखनी चाहिये।**

**॥ समाप्त ॥**